तापमान

अधिकतम 35.7 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

12 मॉकड्रिल में पानी में डूबे व्यक्ति को उपचार...



12 कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगा: बड़ौली



## खबर संक्षेप

### लोकनाट्य स्वांग दम मस्त कबीरा आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद द्वारा कला कीर्ति भवन की भरतमुनि रंगशाला में प्रत्येक शुक्रवार आयोजित किये जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में आज 18 जुलाई को हरियाणवी लोकनाट्य स्वांग दम मस्त कबीरा की प्रस्तुति होगी। हिसार के डा. सतीश कश्यप के निर्देशन तथा अभिनय से सजे दम मस्त कबीरा में संत कबीर के जीवन पर प्रकाश डालाा। एक अलग विधा से सजे स्वांग में जहां सूफी गायक विक्रम सिरोहीवाल द्वारा जुस्तजू कार्यक्रम में सूफी नगमें प्रस्तुत किये जाएगें। कार्यक्रम का समय शाम को 6.30 बजे रहेगा।

### युवक से 4.50 लाख रुपये की नगदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 11 निवासी राम बालक शर्मा को अमेरिकन डॉलर बेचने का झांसा देकर 4.50 लाख रूपये की नगदी ठग ली गई। आरोपी ने शर्मा को रूपये लेकर, डॉलर थमा भी दिए, वहीं, कई कारणों के चलते मनी एक्सचेंजर ने भी डॉलर, रूपये में नहीं बदले गए। शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे राजू नाम का व्यक्ति मिला। जिसने खुद के पास डॉलर होने की बात कही। उसे लालच दिया कि वह इन डॉलर्स को उसे कम दामों पर दे देगा। राजू ने उसे झांसा देकर साढे चार लाख की नगदी ठग ली।

### हादसे में पिता की मौत तीन बच्चे अनाथ हुए

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था निवासी केवल को इसराना पुलिस स्टेशन के पास वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में केवल की मौत हो गई। वहीं, केवल पेशे से राज मिस्त्री था और उसकी पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका है। केवल की मौत से उसे तीन बच्चें अनाथ हो गए। इधर, मृतक के भाई सुरेंद्र की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने वाहन चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद केवल का शव परिजनों को सौंप कर केस की जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को अगवा कर लिया। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बातया कि उसकी 18 वर्षीय भतीजी 16 जुलाई को सुबह आठ बजे घर से बाहर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने पर भी उसकी भतीजी का कुछ भी पता नहीं चला। जांच में मालूम हुआ कि उसकी भतीजी को गांव मानकपुर निवासी रोहित खान शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी युवक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# राज्यपाल ने गुरुकुल में छात्रों को दिए जीवन निर्माण के सूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने रखे विचार

जीवन में सफलता उन्हीं को मिलती है जो आलस्य को त्यागकर एक नियमित दिनचर्या के साथ निरन्तर अभ्यास करते हैं। इसके अलावा आभासी दुनिया के मायाजाल से दूर रहते हुए अपने लक्ष्य पर फोकस करने वाले छात्र ही अपने माता-पिता, अपने गुरुजन तथा संस्थान का नाम दुनिया में रोशन करते हैं। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में छात्रों को सम्बोधित करते हुए गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता-पिता की यह इच्छा होती है कि उनका बच्चा जीवन में उन्नति करे और इसी उद्देश्य से अभिभावक अपने बच्चों को गुरुकुलों में भेजते हैं।

## निरंतर अभ्यास से मिलती है सफलता : आचार्य देवव्रत




### सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला छात्रा सम्मानित

इस दौरान राज्यपाल द्वारा सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रा को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने गुरुकुल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरुकुल के 11 छात्र एनडीए एसएसबी रेकेमेंड हुए है वहीं 6 बच्चों का आईआईटी में चयन हुआ है। सीबीएसई में 10वीं एवं 12वीं के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया, 10वीं में आदर्श कुमार ने 98.8 अंकों के साथ टॉप किया। उन्होंने बताया कि गुरुकुल के अध्यापकों को सीबीएसई द्वारा निर्धारित ट्रेनिंग करवाई जा रही है। एनडीए, आईआईटी, नीट आदि की तैयारी हेतु विशेषज्ञों के सैशन गुरुकुल में करवाये गए हैं ताकि छात्रों को सही मार्गदर्शन प्राप्त हो। एनडीए के छात्रों का पुणे स्थित एनडीए में विशेष भ्रमण करवाया गया जो काफी उत्साहवर्धक रहा। डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि सभी आउटडोर गेम्स के अलावा गुरुकुल में छात्रों हेतु अब शतरंज और टेबल टेनिस को भी आरम्भ किया गया है जिसे लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। अन्त में उन्होंने राज्यपालश्री का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया और उन्हें आश्वास्त किया कि गुरुकुल और गुरुकुल के एक-एक ब्रह्मचारी के सर्वांगीण विकास हेतु वे पूरी तरह समर्पित हैं और राष्ट्र के भावी कर्णधार युवाओं के निर्माण के इस पुनीत कार्य को वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करते रहेंगे।

### गुरुजनों की आज्ञा का पालन करें

आचार्य देवव्रत ने कहाकि गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली से ही छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव है। गुरुकुल में दिए जाने वाला विशुद्ध प्राकृतिक पोषण से भरपूर आहार, गायों का अमृततुल्य दूध-घी और साफ-स्वच्छ वातावरण छात्रों को शारीरिक और बौद्धिक स्तर पर मजबूत बनाता है, समय-समय पर अनेक विद्वानों के विशेष-सत्र कराए जाते जिससे छात्रां में प्रेम, दया, करूणा, राष्ट्रप्रेम जैसे नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कारों का विकास होता है।

संस्कृत के सूत्र सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतः सुखम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सुख चाहने वालों को विद्या छोड़ देनी चाहिए और विद्या चाहने वालों को सुख छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए विद्यार्थी को कठोर परिश्रम के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। जीवन में अनुशासन और अपने गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हुए अपने लक्ष्य की और बढ़ें।

## हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने किया दावा

# प्रदेश में डीएपी और यूरिया खाद की कमी नहीं रहने देंगे: राणा

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर में अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। रादौर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार हमेशा किसान हितैषी रही है। उन्होंने रादौर में अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दावा जताया कि प्रदेश में किसानों को डीएपी व यूरिया खाद की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि डीएपी खाद विदेश से आयात किया जाता है। प्रदेश में ट्रेन के माध्यम से प्रतिदिन आ रहे डीएपी खाद को विभिन्न जिलों में भेजा रहा है। राणा ने कहा कि डीएपी के साथ साथ यूरिया खाद वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि खाद की डिमांड को देखते हुए सोसाइटियों एवं प्राइवेट खाद एजेंसियों पर खाद का स्टॉक भी रखना पड़ता है। ताकि जब भी किसानों को खाद की जरूरत पड़ती है तो आसानी से किसानों को खाद उपलब्ध करवाया जा सके। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि वीरवार को हिसार में ट्रेन के माध्यम से खाद पहुंचाया गया है। जहां से यह खाद फतेहाबाद, भिवानी व सिरसा में खाद को भेजा जाएगा। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### कोऑपरेटिव सोसाइटियों में खाद उपलब्ध रहेगी, यहां से ले सकता हैं किसान

राणा ने बताया कि जिला स्थित कोऑपरेटिव सोसाइटीयों में खाद उपलब्ध रहेगा। जहां से किसान खाद ले सकता है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को खाद बीज आदि में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। किसानों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है।

### आज कई जिलों में भेजी जाएगी खाद

इसी तरह 18 जुलाई को करनाल, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, अंबाला व कुरुक्षेत्र में खाद को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि आए दिन प्रदेश के विभिन्न जिलों में खाद पहुंचाया जा रहा है। जहां से उसे जरूरत के अनुसार वितरित किया जा रहा है।

### कार की टक्कर से व्यक्ति की मौत

- जगाधरी के गुलाब नगर स्थित धीमान फर्नीचर के पास हादसा

**यमुनानगर।** जगाधरी के गुलाब नगर स्थित धीमान फर्नीचर के पास कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव सलेमपुर बांगर निवासी अनिल कुमार ने शहर जगाधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 50 वर्षीय मनोज कुमार 15 जुलाई को जगाधरी किसी काम से आया था। रात साढ़े आठ बजे जब वह वापस घर लौट रहा था तो गुलाब नगर स्थित धीमान फर्नीचर के पास तेज गति से आ रही कार ने उसके भाई को टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसके भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान के उसके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने उन्हें हादसे की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज किया है।

# कहासुनी पर परिवार के तीन सदस्यों को जमकर पीटा, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

साढौरा थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर में कहासुनी होने पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने परिवार के तीन सदस्यों को पीटकर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव महमदपुर निवासी वेद प्रकाश ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी कुछ दिन पहले गांव के ही सौरभ और रामरती के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी।

### रंजिशन की वारदात

उस समय अन्य लोगों ने समझाने के बाद मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को रात साढ़े नौ बजे आरोपियों ने अपने परिवार के सदस्यों सुरेश, कुलदीप, हैप्पी, बंटी व बलदेव के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। जब उसकी लड़की अंजना व लड़का सोनू उसे आरोपियों से छुडवाने के लिए आए तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पानीपत में एक गली की दो ग्रांट और दो ग्राम पंचायतों के विकास में हेराफेरी

## सरपंच व ग्राम सचिव पर 28 लाख रुपये के गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव नौल्था की दो ग्राम पंचायतों में विकास कार्य में ग्रांट में हेराफेरी का मामला सामने आया है। जिसमें सरपंच ओर ग्राम सचिव ने मिलकर 28 लाख रुपए का गबन किया है। ग्रामीण रणबीर सिंह पुत्र लहणा सिंह गांव नौल्था ने इसराना एसडीएम को शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने ओर गबन की हुई राशि जमा करवाने की शिकायत दी है। बताया गया है कि ब्लाक इसराना के गांव नौल्था में दो ग्राम पंचायतें हैं। जिसमें एक नौल्था के नाम से है दुसरी नौल्था डुगरान पाना के नाम से है। वर्ष 2016 से वर्ष 2022 मार्च तक नौल्था डुगरान के सरपंच अजमेर सिंह रहे।

उन पर घोटाले का खुलासा एक शिकायत सीएम विंडो में लगाने पर हुआ। इस गली के निर्माण की एमबी का इंद्राज ग्राम पंचायत नौल्था के सरपंच बलराज सिंह के द्वारा भुगतान किया गया है । वहीं ग्राम सचिव कुलदीप त्यागी का कहना है कि इस गली के निर्माण की ग्रांट एचआरडीएफ के माध्यम से आई थी। ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास किया गया ओर इस गली के निर्माण की पैमाइश एसडीओ पंचायत राज अधिकारी ने की।

### जल्द होगी जांच

वहीं इस बारे में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी पानीपत राजेश शर्मा ने बताया है कि तीन दिन पहले कोई इस संबंध में मिला था। मामला ब्लाक इसराना के गांव नौल्था की ग्राम पंचायतों का है। डबल पैमट का मामला है इस पर जल्दी ही जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पश्चिमी यमुना नहर में मिला युवती का शव, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**इंद्री।** इंद्री के गांव खेड़ी मानसिंह के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर में करीब 25 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बहता मिला । राहगीरों ने जैसे ही नहर में शव को देखा तो इसकी सूचना तुरंत डायल 112 व इंद्री पुलिस और गोताखोर प्रगट सिंह को दी । सूचना मिलते ही डायल 112 , इंद्री पुलिस और गोताखोर प्रगट सिंह की टीम मौके पर पहुंची ।

गोताखोर प्रगट सिंह की टीम ने शव को नहर से बाहर निकाला । मौके पर पहुंचे एसआई चरण सिंह ने बताया कि नहर में मिली मृतक युवती की एक बाजू पर अंग्रेजी में गुड्डू व दूसरी बाजू पर टैटू बना हुआ है । इसके अलावा बांई टांग में काले रंग का डोरा बंधा हुआ है और बाईं बाजू में नीले रंग की मोतियों की माला डाली हुई है। उन्होंने बताया की युवती की पहचान करवाने के लिए शव को करनाल स्थित शवगृह में रखवा दिया गया है।आस पास के पुलिस थानों को सूचना दे दी गई है । युवती की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहें है ।



इंद्री। गांव खेड़ी मानसिंह के पास नहर में शव मिलने पर जांच करने पहुंची पुलिस।

### अंबाला में हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर के टांगरी पुल के पास से नशा तस्करी के मामले में एएनसी सैल ने आरोपी गुलशन कुमार को 15 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि आरोपी सतीश उर्फ रोहित उर्फ काली भी मामले में शामिल है। पुलिस ने तुरंत आरोपी रोहित सोनकर को भी गिरफ्तार किया है। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 16 जुलाई 2025 को देर रात्रि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी गुलशन कुमार नशा बेचने का कार्य करता है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने आरोपी को काबू किया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 15 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की गई।

# वाहन चोरी के आरोप में युवक काबू, छह मोटरसाइकिलें जब्त

- आरोपी दीपू पंजाब के घनौर का रहने वाला, रिमांड में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। वाहन चोरी में काबू आरोपी। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपमें एक युवक को काबू किया है। शुरूआती जांच में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छह बाइक जब्त की हैं। सभी मोटरसाइकिलें चोरी की बताई जा रही है। दरअसल थाना नग्गल में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने पंजाब के घनौर के रहने वाले आरोपी दीपू को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो उसने वाहन चोरी की छह वारदातें अंजाम देने की बात कबूली। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि इस मामले के अतिरिक्त उसने थाना सदर व पंजाब में भी मोटरसाइकिल चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने की बात कही है। इस मामले में आरोपी के साथी की गिरफ्तारी होनी है। गांव सैनी माजरा जिला कुरूक्षेत्र ने एक व्यक्ति ने 14 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 जुलाई 2025 को गांव जनसुई में खेत से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ आयोजित बैठक में लिया फैसला

# कुलपति ने 100 टीबी के मरीजों को लिया गोद

- श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. धीमान बोले-टीबी रोगियों की सेवा दधर्म का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

## पोषण आहार और आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध कराएंगे: प्रो.वैद्य



क्षय रोग से पीड़ित जरूरतमंदों की सेवा करना न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व है,बल्कि यह देशहित में एक धार्मिक कार्य भी है। यह विचार श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने बुधवार को कुलपति कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ आयोजित बैठक में व्यक्त किए। बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य विभाग के उप सिविल सर्जन एवं टीबी नोडल अधिकारी डॉ.संदीप अग्रवाल अपनी टीम के साथ प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र को क्षयरोग मुक्त बनाने के उद्देश्य से कुलपति से शिष्टाचार भेंट के लिए पहुंचे थे। टीम ने कुलपति से 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी से ग्रस्त जरूरतमंद रोगियों को पोषण किट व सहायता सामग्री उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। इस पर कुलपति प्रो. धीमान ने तत्काल 100 रोगियों को गोद लेने की घोषणा करते हुए कहा कि उनके उपचार की अवधि तक उन्हें पौष्टिक आहार और आयुर्वेदिक औषधियां विश्वविद्यालय द्वारा मुहैया कराई जाएंगी। कुलपति ने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय न केवल चिकित्सकीय शिक्षा का केंद्र है,बल्कि समाजसेवा के प्रति भी समर्पित है। इस दिशा में टीबी रोगियों की मदद एक मानवीय और नैतिक कर्तव्य है।

### कुरुक्षेत्र में 1347 क्षय रोगी उपचाराधीन

डॉ.अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में कुरुक्षेत्र जिले में 1347 क्षय रोगी उपचाराधीन हैं। सरकार की ओर से मरीजों को 500 रुपए प्रतिमाह पोषण सहायता दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुलपति के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल टीबी उन्मूलन के प्रयासों को नई दिशा देगी और अन्य संस्थानों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) के चिकित्सा अधीक्षक प्रो.वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुरेंद्र सिंह सहरावत, डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ.सुखवंत सिंह,डॉ. सतविंद्र कुमार, तथा जिला समन्वयक (पीपीएम) विजय पंजेटा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत क्लब में 14वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि जितेंद्र अहलावत व एसएस दत्त संजय कटारिया भूपेन्द्र नांदल ने किया। वहीं टूर्नामेंट में सुधांशु प्रभाकर, दिशांत अहलावत, ईशान नांदल, गर्ल्स अंडर 11 में खुशी और पावनी ने सेमीफाइनल में जगह बनायी। अंडर 15 अन्म, यश व युवल आदि बच्चों ने दमदार प्रदर्शन किया।

### घर से जेवर चोरी, पुलिस ने केस दर्ज किया

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था की इंद्रा कालोनी निवासी जोनी के घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए, इनकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। वही जोनी की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ।

### सरपंच ने रखा अपना पक्ष

**पानीपत।** पानीपत के गांव बापौली में गत रविवार को आर्य समाज मंदिर का ताला तोड़ने पर दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में सरपंच पति शिव कुमार रावल ने गांव बापौली स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से कहा कि गांव के कुछ लोग अपने राजनीतिक द्वेष के चलते आर्य समाज को ढाल बनाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे है और ग्राम पंचायत की कीमती जगह पर अपना अवैध कब्जा करना चाहते है।

### सड़कों की मरम्मत की मांग

**पानीपत।** जेजेपी जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी, राजकुमार मलिक, एक्स सरपंच रामहेर मलिक, कृष्ण, नितिन,नरेश कादियान व बलराज जेजेपी नेता देवेंद्र कादियान ने नांगलखेड़ी चौक पर लगातार हो रहे हादसे को लेकर मौके पर पहुंचकर प्रशासन को सूचित किया और सड़कों की मरम्मत की मांग की।

### मारपीट के दो आरोपी पकड़े, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव बांध में अमन को डंडे व चाकू से चोट मारने व जाति सूचक गाली गलौच करने के दो आरोपियों बांध गांव निवासी अमित पुत्र कर्मबीर व अमित पुत्र जगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी राजबीर सिंह ने बताया कि थाना इसराना में बांध गांव निवासी अमन की शिकायत पर इस मामले में केस दर्ज है।

### बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**इसराना।** थाना मतलौडा की उरलाना चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले आरोपी संतोष झा पुत्र श्रीराम बालक झा निवासी गांव शेखपुरा जिला समस्तीपुर, बिहार को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज अनिल ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में गांव सींक निवास बलकार पुत्र जगदीश की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व न्याय दिवस मनाया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व न्याय दिवस मनाया गया। स्कूल के कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक, उप प्रधान ओम दत्त आर्य और उपप्राचार्य जगदीश चहल मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया।

---

कांवड़ शिविरों में निरीक्षण के दौरान कांवड़ियों से बातचीत कर जाना हालचाल

# कांवड़ यात्रा मार्गों व कांवड़ शिविरों का निरीक्षण कर डीसी ने जांची व्यवस्था

उपायुक्त ने कांवड़ शिविर संचालकों से भी बातचीत की और जरूरत के लिए प्रशासन से बात करने की सलाह दी, व्यवस्थाएं देख रहे अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले के कांवड़ यात्रा मार्गों व कांवड़ शिविरों में कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो के लिए उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने कांवड़ शिविर में पहुंचकर कांवड़ियों से बातचीत कर उन्हें वहां मिल रही तमाम सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर कांवड़ शिविरों जगाधरी बस स्टेंड, शिव शक्ति मंदिर, लापरा, कलानौर व अकालगढ़ में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कांवड़ शिविरों में विश्राम कर रहे कांवड़ियों से बातचीत कर उनसे वहां मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कांवड़ शिविरों में कांवड़ियों के लिए बनाए जा रहे खान पान की व्यवस्था, विश्राम की व्यवस्था आदि समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कांवड़ शिविर संचालकों से भी बातचीत की और किसी भी प्रकार की जरूरत के लिए प्रशासन से निःसंकोच बात करने की सलाह दी। इसके बाद उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अन्य अधिकारियों के साथ कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया।



**यमुनानगर।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगाए गए कांवड़ शिविर में निरीक्षण के दौरान कांवड़ियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

#### पानी निकासी के निर्देश

इस दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर गांव लापरा व कलानौर रेलवे अंडरपास के पास रूके पानी की निकासी के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता और एनएचआई के अधिकारी को सडकÞ पर हुए गड्ढों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। ताकि सड़क मार्ग पर कांवड़ियों को कोई परेशानी ना उठानी पड़े। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा मार्ग पर लाइटें लगाने समेत अन्य दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, डीएसपी कंवलजीत सिंह, पीडब्लूडी के कार्यकारी अभियंता पुनीत मित्तल, सिचाई विभाग कार्यकारी अभियंता वीनोद कुमार व डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

---



यमुनानगर के रादौर में क्षतिग्रस्त पड़े मार्ग को दिखाती स्थानीय महिला।

## रावल चौक से नामदेव चौराहा तक मार्ग खस्ता, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

- लोगों ने जिला प्रशासन से की सड़क को दुरुस्त करवाए जाने की मांग

रादौर के रावल चौक से कस्बा के नामदेव चौराहे तक का सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा के नागरिकों ने जिला प्रशासन से क्षतिग्रस्त पड़े मार्ग को दुरुस्त करवाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी राजेश, कर्ण, पुनीत, गौरव, कमल, चरणजीत व सुरेश आदि ने बताया कि रादौर के पाश इलाके से गुजरने वाले रावल चौक से नामदेव चौराहे तक का मार्ग लंबे अर्से से क्षतिग्रस्त पड़ा है। आलम यह है कि मार्ग से बजरी उखड़कर बिखर गई है। सड़क पर गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रादौर से आए दिन गुजर रहे भारी वाहनों के कारण सड़क की हालत क्षतिग्रस्त हो चुकी है। नागरिकों ने बताया कि दिन के समय इस मार्ग पर भीड़ होने के कारण भारी वाहन नहीं गुजरते हैं। लेकिन जैसे ही रात होती है तो रातभर रेत से भरे भारी वाहन मार्ग से गुजरते हुए देखे जा सकते हैं। जिस कारण सड़क मार्ग टूट चुका है।

इस संबंध में स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाए जाने और उसकी रिपेयर करवाए जाने की मांग की।

---

## घरों के ऊपर से बिजली की तार को हटाने की मांग

- रादौर के पार्षदों ने बिजली निगम के एससी से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

नगर पालिका के पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तरी हरियाणा बिजली निगम के एससी नरेंद्र सिंह से उनके कार्यालय में मिलकर कस्बा में विभिन्न वार्डों के घरों की छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली हाइटेंशन तारों को हटवाए जाने की मांग की। एससी नरेंद्र सिंह ने पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल को उनकी समस्या का समाधान जल्द करवाए जाने का आश्वासन दिया है। नपा रादौर के वरिष्ठ पार्षद भगवतदयाल कटारिया के नेतृत्व में पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल सुबह के वक्त यमुनानगर में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एससी कार्यालय में पहुंचा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एससी नरेंद्र सिंह से भेंट की। मौके पर सीनियर पार्षद भगवत दयाल कटारिया ने एससी को बताया कि कस्बा की ओड कॉलोनी, छिंबी मोहल्ला, महेंद्र सिंह डेरा कॉलोनी समेत अन्य स्थानों पर लोगों के घरों की छतों के ऊपर से बिजली की हाइटेंशन तारें गुजर रही हैं। जिससे लोगों को हर समय कोई बड़ा हादसा होने का डर बना रहता है। खासकर तेज हवा से साथ बारिश में लोगों को अपने घरों की छतों पर तारों के टूटकर गिरने और करंट दौड़ने से कोई बड़ा हादसा होने का डर सता रहा है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया जा चुका है। मगर



**यमुनानगर।** बिजली निगम के कार्यालय में एससी से मिलते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

- एससी ने प्रतिनिधिमंडल को दिया समाधान करने का आश्सावन

#### जल्द होगा समाधान

बिजली निगम के एससी नरेंद्र सिंह ने पार्षदों को बताया कि निगम की ओर से बिजली की तार को शिफ्ट करने के लिए अस्टीमेट बनवाए गए हैं। उन्हें उच्चाधिकारियो को भेजा जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा।

---

*जाट सभा के प्रधान एडवोकेट ने दी जानकारी*

## वर्ल्ड इंटरनेशनल जस्टिस डे को लेकर किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



- अप्रैल 1998 में ड्राफ्ट तैयार हो गया1 जुलाई 2002 से इस कोर्ट ने कामकाज शुरू किया

जाट सभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने वर्ल्ड इंटरनेशनल जस्टिस डे पर कहा कि 17 जुलाई 1998 में 120 से ज्यादा देशों ने मिलकर इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट की स्थापना की थी। इस कोर्ट को बनाने का मकसद गंभीर अपराधों के मामलों की सुनवाई करना है।

बंचल ने कहा कि 1 जुलाई 2002 से इस कोर्ट ने अपना कामकाज शुरू किया था। हालांकि भारत रोम में हुई उस संधि से अलग है जिसमें शामिल देशों ने इस कोर्ट की स्थापना की थी। दरअसल 1945 में यूनाइटेड नेशंस के बनने के बाद से ही इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट बनाने की कोशिश हो रही थी। 9 दिसंबर 1948 को यूनाइटेड नेशंस ने इस बारे में एक रेजोल्यूशन पास किया। इसमें कहा गया कि इतिहास में नरसंहार जैसी क्रूर घटनाओं ने मानवता का बहुत नुकसान किया है। मानव जाति को इस तरह के जघन्य संकट से मुक्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है। इस रेजोल्यूशन में नरसंहार को अंतरराष्ट्रीय अपराध माना गया।

यूनाइटेड नेशंस ने एक इंटरनेशनल कोर्ट के गठन के लिए इंटरनेशनल लॉ कमीशन से भी सुझाव मांगा। कमीशन के सुझावों के आधार पर एक कमेटी बनाई गई। 1953 में इस कमेटी ने एक ड्राफ्ट तैयार किया।

---

## अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया, बच्चों को न्याय दिवस का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

दून पब्लिक स्कूल बुबका में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल की प्रिंसिपल रेखा कांबोज ने अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई।

प्रिंसीपल रेखा कांबोज ने बताया कि हर वर्ष 17 जुलाई को दुनियाभर में यह दिवस मनाया जाता है। दो देशों के बीच के झगड़ों को निपटाने के लिए इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस यानि आईसीजे की स्थापना दुनियाभर के देशों ने मिलकर की थी। इसकी स्थापना 1945 में हॉलैंड के शहर हेग में की गई थी। अंतरराष्टÑीय कानूनी विवादों का निपटारा इस कोर्ट मे किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ये संयुक्त राष्टÑ के अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा उठाए कानूनी प्रश्नों पर राय भी देते हैं। इस न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते हैं। इन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद मिलकर चुनती है। जिनका कार्यकाल 9 साल का होता है। कोर्ट की आधिकारिक भाषा अंग्रेजी और फ्रेंच है। न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में मुख्य शर्त ये होती है की दो न्यायधीश एक देश से नहीं चुने जा सकते। इसके कुल 192 देश सदस्य हैं। भारतीय जज के तौर पर यहां दलवीर भंडारी इनका कार्यकाल 2018 तक का रहा है।



**यमुनानगर।** रादौर में अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस की जानकारी देती प्रिंसिपल रेखा कांबोज।

---

### पानीपत पुलिस ने तीन कुख्यात अपराधी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के गांव निंबरी में किराना दुकानदार रजत पर गोली चला जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों गांव धनसौली निवासी संदीप, गांव कुराड निवासी मंजीत व गांव सनौली खुर्द निवासी अनुरोध को सीआईए थ्री पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 24 में उग्राखेड़ी रोड से गिरफ्तार किया है। स्मरणीय है कि पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मामले की जांच सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय व उनकी टीम को सौंपी थी। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल, पांच जिंदा रौंद व कार बरामद किए। जबकि इस केस में फरार आरोपी विकास को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

## चार स्थानों से नकदी समेत लाखों रुपये के गहने उड़ाए

- पुलिस ने सभी मामलों की केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में चोरों ने चार स्थानों को निशाना बनाकर नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने चारों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की सुभाष गली न्यू मार्किट निवासी शिव कुमार ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को चोरों ने उसके घर में घुसकर अलमारी में रखे छह कड़े, एक रानी हार, एक छोटा हार, पांच अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक चेन, झुमके व अन्य आभूषण चोरी कर लिए। जिनकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है। उधर, गांव हडौली निवासी अनिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 जुलाई को रात 10 बजे वह परिवार के के साथ किसी काम से बाहर गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से गले का हार, एक जोड़ी बालियां, दो जोड़ी पायल, कपड़े व अन्य सामान गायब मिला। चोरी हुए सामान की कीमत करीब पौने तीन लाख रुपये है। जांच करने पर पता चला कि चोरी गांव के ही निर्भय ने की है।

#### जाली तोड़कर 50 हजार चोरी

गांधी नगर क्षेत्र की विशाल नगर कॉलोनी निवासी राजकुमार ने बताया कि वह 10 जुलाई को सुबह नौ बजे घर का ताला लगाकर काम पर चला गया था। दोपहर को डेढ़ बजे जब वह घर लौटा तो ताला टूटा हुआ मिला। जांच करने पर कमरे की जाली टूटी पड़ी थी और अंदर सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने घर से 50 हजार रुपये चोरी कर लिए।

#### चार लाख चोरी, दो पर केस

मॉडल टाउन निवासी लक्ष्मण विनायक ने बताया कि 16 जुलाई को सुबह 11 बजे वह किसी काम से बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वापस लौटो तो अलमारी खुली पड़ी थी और अंदर सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर अलमारी से चार लाख रुपये गायब मिले। जांच करने पर उसे पता चला कि यह पैसे दीपक व नम्रता केवर ने चोरी किए हैं। उसने पुलिस में शिकायत दी।

---

## पारदर्शी तरीके से समस्याओं का हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन

सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से आमजन की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समस्या समाधान शिविर में मिश्री का माजरा निवासी सुरेन्द्र कुमार ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे शिकायत दी थी। जिसका मौके पर समाधान कर दिया गया। वहीं, कुंजल कांबोयान निवासी ऋषि पाल ने बिजली की तारें टाईट करवाने बारे, कृष्णा नगर चांदपुर निवासी देवेंद्र बक्शी ने सिवरेज की सफाई करवाने बारे व मंधार निवासी बच्चन सिंह ने सरकारी गोहर की निशानदेही करवाने बारे की समस्या रखी। जिनका मौके पर निपटान किया गया। उन्होंने बताया कि त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविर में बदलाव किया गया है।



यमुनानगर। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते नगराधीशगुप्ता।

#### जनता से हो सीधा संवाद

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

---

## सुमित बने क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

क्रीड़ा भारती के जिला सदस्यों की शहर में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में क्रीड़ा भारती के उत्तर क्षेत्र के सह संयोजक डॉ. उमेश वत्स ने जिला की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। भारती के उत्तर क्षेत्र के सह संयोजक डॉ. उमेश वत्स ने बताया कि क्रीड़ा भारती की नवगठित जिला कार्यकारिणी में सुमीत गुप्ता को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके साथ रामनिवास गर्ग को संरक्षक, डीके साहनी को मुख्य सलाहकार तथा जयप्रकाश सिंह को पालक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष के रूप में अभिषेक मानिकटाहला और आदित्य चावला को चुना गया है। अमर सिंह पहलवान को जिला सचिव, सीए संजीव कांबोज को कोषाध्यक्ष, कृष्ण लाल,संजीव नागर व अवधेश यादव को सह सचिव बनाया गया है। वहीं, गुरुदत्त किमोठी को जिला आईटी प्रमुख, हरीश कुमार को संपर्क प्रमुख और नितिन वालिया को व्यवस्था प्रमुख नियुक्त किया गया है। चिकित्सा प्रमुख का दायित्व डॉ. शकुन गुप्ता को दिया गया है। जबकि निर्भय महिला सक्षम महिला की कमान भावना दुआ को सौंपी गई है।



---

## मानव उत्थान सेवा समिति ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

श्रीहंस योग आश्रम कुरुक्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया। जानकारी देते हुए प्रेस सचिव पवन गोयल ने बताया कि सद्गुरु देव सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा 5 से 20 जुलाई तक भारतवर्ष में लगभग 1 लाख छायादार और फलदार वृक्षों के पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुरूक्षेत्र आश्रम प्रभारी महात्मा अंतमुर्खी बाई,सुनिधि बाई और महात्मा अर्चना बाई द्वारा आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं के सहयोग से लगभग 500 पौधे आरोपित किए। बाई जी ने वृक्षों के संरक्षण का संकल्प करा कर पौधरोपण के साथ-साथ देखभाल के लिए भी प्रेरित किया। कुरुक्षेत्र जिले की सभी शाखाओं पिपली, ज्योतिसर और पिहोवा में पौधरोपण किया गया जिसमें फलदार, छायादार और औषधीय पौधे रोपित किए गए। महात्मा अंतमुर्खी बाई ने कहा कि हम अपने माता-पिता के नाम से वृक्ष लगाए,साथ ही गुरु भगत अपने गुरु के नाम से भी वृक्ष लगाए। अभियान में नरेश खुराना, कृष्ण कुमार, महावीर ,सत्यवान, राहुल खुराना, नरेंद्र चौधरी, कृष्ण सैनी, बाबूराम, महेश कुमार, संतलाल, मामचंद, नीलम, रीना और सुनीता देवी ने सहयोग किया।



---

## प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल: वरुण

- कांग्रेस ने बढ़ती बिजली की दरों व अन्य मुद्दों के लेकरसचिवालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली बिलों की दरों में बढ़ौतरी किए जाने, बिगड़ती कानून व्यवस्था व जनसमस्याओं समेत समेत अन्य मुद्दों को लेकर वीरवार को जिला सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला सचिवालय में पहुंचकर राज्यपाल के नाम उपायुक्त के माध्यम से मौके पर मौजूद अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा को ज्ञापन सौंपा।

वीरवार सुबह कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता अंबाला के सांसद वरुण चौधरी, जगाधरी के विधायक अकरम खान,कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा के प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष अनाज मंडी गेट पर पहुंचे और धरना देकर बैठ गए।

इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में महंगाई पर लगाम लगाओ, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करो, प्रदेश में कानून व्यवस्था, बिजली की लूट बंद करो आदि नारे लगाए।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते कांग्रेस नेता।

#### ज्ञापन सौंपा

इसके बाद नारे लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता जिला सचिवालय में पहुंचे और अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। अंबाला के सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में सरकार पूरी तरह असफल है। उन्होंने कहा कि बिजली दरें आसमान छू रही हैं। लेकिन सुविधाएं शून्य हैं। आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है। वहीं, कांग्रेस के यमुनानगर से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

**खबर संक्षेप**




### कैंप में 163 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**शाहबाद।** रोटरी क्लब के सौजन्य से स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने हेतु एक दिवसीय फाइब्रो स्कैन चेकअप कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 163 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप की शुरुआत क्लब के प्रधान डॉक्टर आर. एस. घुम्मन के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि इस क्लब का उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लगेगा जांच शिविर

**कुरुक्षेत्र।** समग्र शिक्षा के जिला परियोजना संयोजक संतोष चौहान ने कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त एवं समग्र शिक्षा के सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए 24 जुलाई व 25 जुलाई तक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविर का आयोजन ब्लॉक स्तर पर राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में आयोजित किया।

## पॉलीथिन, गंदगी व अतिक्रमण वालों के लिए चलाया मेगा चालान ड्राइव

# थानेसर को सुंदरता में नंबर वन बनाने में करें सहयोग : उपायुक्त

**उपायुक्त नेहा सिंह ने सबसे ज्यादा मिष्ठान भंडार का किया 15 हजार का चालान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि थानेसर शहर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इंदौर की तर्ज पर सुंदरता, स्वच्छता और पॉलीथिन मुक्त करके देश में नंबर वन बनाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री के इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शहरवासियों को सहयोग के लिए आगे आना होगा, इसमें प्रशासन, दुकानदार, मीडिया और जनता का शामिल होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसी संदेश के लिए आज पूरे जिला में मेगा चालान ड्राइव चलाया गया है। इसके तहत पॉलीथिन, गंदगी और अतिक्रमण करने वालों के चालान किए गए। उपायुक्त नेहा सिंह ने वीरवार सायं शहर के सेक्टर-17 में मेगा चालान ड्राइव के तहत चेकिंग कर रहीं थी।

इस दौरान पुराना बस स्टैंड के सामने स्थित एक दुकानदार का 15 हजार रुपए व टायर दुकान, क्लीनिक सहित कई दुकानदारों के 5-5 हजार रुपए के चालान किए। इस दौरान डीएमसी सितेन्द्र सिवाच, डीएफएससी राजेश आर्य, ईओ राजेश कुमार, एमई जयपाल व मंगू राम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अभियान को शहर के साथ-साथ लाडवा, शाहाबाद और पिहोवा में भी चलाया गया।

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहरी निकाय द्वारा कचरा उठाने के लिए गाड़ियां छोड़ी हुई है। इसके बावजूद भी शहरवासी खाली जगहों पर कचरा का ढेर लगा रहे हैं। इससे शहर गंदा हो रहा है। कई दुकानदार अपने दुकानों पर डस्टबिन नहीं रख रहे और कचरे को आस-पास फेंककर आग लगा रहे। उन्होंने कहा कि दुकानदार दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण किए हुआ है। इससे आने-जाने वालों को दिक्कत तो होती है कि साथ ही जाम रहने और हादसे होने की संभावना रहती है।

**जारी रहेगा अभियान**

*उपायुक्त ने कहा कि आज दुकानदारों के मात्र चालान काटा गया है। नगर परिषद की टीम लगातार चालान अभियान को जारी रखेगी। जिन दुकानदारों के बार-बार चालान कटेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम आगे से दुकानदारों के सामने को भी कब्जे में लेगी और जरूरत पड़ने पर ऐसे दुकानों को सील भी किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों को अपील करते हुए कहा कि वो इस अभियान में अपना सहयोग करते हुए पॉलीथिन का प्रयोग बंद करें, गंदगी को ना फैलाएं और जो अतिक्रमण किया हुआ है उसे खुद ही हटा लें।*

# युवा पीढ़ी देश की लोकतांत्रिक चेतना में भागीदारी कर रही : नवीन जिंदल

- केयू ने 17वीं युवा संसद प्रतियोगिता के समूह-क में प्रथम स्थान पाया
- सांसद नवीन जिन्दल ने प्रतिभागी छात्रों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रशासन को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के परिणामों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की टीम ने समूह-क में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है, जिसमें पूरे देश को 8 समूहों में बांटा गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के बीच अक्टूबर माह में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित होगी। मार्च में युवा संसद के आयोजन में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री नवीन जिन्दल ने शिरकत कर युवाओं का उत्साह बढ़ाया था। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने प्रतिभागी छात्रों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा कि कुरुक्षेत्र की यह ऐतिहासिक धरती न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि आज इसकी युवा पीढ़ी देश की लोकतांत्रिक चेतना में भागीदारी कर एक नया इतिहास रच रही है। सांसद नवीन जिन्दल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेव, प्रो. ए. आर. चौधरी (ऊरह), डॉ. नीरज बातिश एवं सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत केवल छात्रों की नहीं, बल्कि एक सुसंगठित, अनुशासित और दूरदर्शी विश्वविद्यालय प्रशासन की मेहनत का परिणाम है।



### दुखभंजन महादेव मंदिर परिसर में की सफाई

**कुरुक्षेत्र।** स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत आज दुख भंजन महादेव मंदिर परिसर के पास के स्थान पर साफ सफाई का कार्य किया गया। दुख भंजन महादेव मंदिर के उपाध्यक्ष डॉ. एमके मुदगिल ने बताया कि सावन मास का समय होने के कारण और कावड़िया शिविर होने के कारण मंदिर परिषद के आसपास काफी मात्रा में पेपर के बर्तन प्लास्टिक के गिलास, फूल और तमाम प्रकार की गंदगी मंदिर के आसपास में फैले हुए रहते हैं। इस परिसर को साफ और स्वच्छ रखने के लिए हमने कल 200 स्टील की थाली और अन्य प्रकार के उपयोगी वस्तु को मंदिर परिसर में दिया। इससे भोजन प्रसाद स्टील के बर्तनों में प्राप्त होकर के पुनः उसका उपयोग किया जा सके। नगर परिषद थानेसर से स्वच्छ भारत मिशन के आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार भारद्वाज ने मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं ने कहा कि मंदिर में जो भी फल, फूल भगवान के मंदिर में चढ़ाने के लिए आते हैं, उसे प्लास्टिक के थैले में नहीं लाएं।

# प्रशासन का उद्देश्य समस्याओं का जल्द समाधान करना : चेतना चौधरी

- समाधान शिविर में लोगों की 42 समस्याओं को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



डीआरओ चेतना चौधरी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में प्रशासकीय अधिकारियों का बकायदा शेड्यूल बनाया गया है जोकि प्रत्येक कार्य दिवस के सोमवार व वीरवार को आमजन की समस्याओं का समाधान कर रहे है। डीआरओ चेतना चौधरी वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करने उपरांत बोल रही थी। इससे पहले डीआरओ चेतना चौधरी ने समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कुल 42 शिकायतें को सुना।



### डीएलएसए ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सडक सुरक्षा रुलस लाईफ टुलस अभियान चलाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि रेडक्रॉस के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनडेरा में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियम, गुड स्मार्टियन लॉ, क्लेम प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा एडीआर सैंटर में ड्राईवरों के लिए सडक सुरक्षा विषय को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत ड्राइवरों को सडक सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस शिविर में उन्हें प्रथम चिकित्सा सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा डीएलएसए पीएलवी अमनप्रीत द्वारा सभी को जागरुकता के लिए पंपलेटस भी वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि इस कैंपेन का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता लाना है।

# संविधान सर्वोपरि, इसकी पालना और रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य : खुराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना ने संविधान हत्या विषय पर लगाई प्रदर्शनी का किया अवलोकन



नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना ने कहा कि देश का संविधान सर्वोपरि है और इसकी पालना व रक्षा करना हम सबका परम कर्तव्य है। संविधान के खिलाफ या उसके मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करने वाले कृत्यों को हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। उनगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना स्थानीय नागरिक अस्पताल में देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूर्ण होने पर संविधान हत्या विषय पर सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर रही थीं। इस दौरान सीनियर मेडिकल ऑफिसर डा. कृष्णकांत, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी केदार शर्मा भी मौजूद रहे। चेयरपर्सन साक्षी खुराना ने कहा कि 50 वर्ष पहले 25 जून, 1975 को हमारी लोकतांत्रिक मयार्दाओं को ताक पर रखकर आपातकाल लागू कर संविधान की आत्मा की हत्या कर दी गई थी। एक मजबूत लोकतंत्र की कल्पना करने वाले लोगों को अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए जेलों में डाला गया और अनेक यातनाएं दी गई। आपातकाल के दौरान संविधान द्वारा प्रदत्त सभी मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था।



### सेवा भारती समिति शाहबाद के उपाध्यक्ष बने रणबीर शर्मा

**शाहबाद।** मंदिर ठाकुर द्वारा शाहबाद में नए सेवाव्रती सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सविता मदान ने की। सात नए सदस्यों को सेवा भारती समिति शाहबाद में शामिल किया गया। इसमें रणबीर वर्मा को उपाध्यक्ष, गौरव सिंगला को सह सचिव, राजेश सिंगला को सह कोषाध्यक्ष, नरेंद्र गौड को सह प्रचार प्रमुख, सविता मदान को समर्थ किशोरी विकास की नगर अध्यक्षा, नरेंद्र शर्मा को संरक्षक का दायित्व दिया गया। बैठक में सह विभाग प्रमुख सतपाल की विशेष तौर पर उपस्थिति रही।




### नवयुग स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर टीचर्स के लिए ट्रेनिंग का हुआ आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में सभी टीचर्स के लिए ट्रेनिंग सैशन का आयोजन किया जिसका विषय नई शिक्षा नीति 2020 रहा। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन श्री मती प्रीती मिश्रा ने नई शिक्षा नीति के बारे में समझाते हुए बताया कि भारत सरकार ने 1986 के पश्चात 29 जुलाई 2020 को नई शिक्षा नीति की घोषणा की।यह नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 27 अध्याय ओर 4 भागों मे विभक्त है। इसके अंतर्गत वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात को 100% लाने का लक्ष्य रखा गया है। पाँचवीं कक्षा तक की शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है।देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा परिषद नामक एक एकल नियामक की परिकल्पना की गई है। स्कूलों में 10+2 फार्मेट के स्थान पर 5+3+3+4 फार्मेट को शामिल किया जाएगा। इसके अनुसार पहले पांच साल में प्री-प्राइमरी स्कूल के तीन साल और कक्षा एक और कक्षा दो सहित फाउंडेशन स्टेज शामिल होंगे।

# कांवड़ यात्रा महान तपस्या एवं कांवड़ियों की सेवा श्रद्धाः ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी

- हवन यज्ञ के साथ श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने किया हर हर महादेव कावड़ शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कावड़ शिविर के शुभारंभ से पूर्व हवन यज्ञ एवं पूजन करते हुए।

तीर्थों की संगम स्थली धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में सावन महीने के चलते चारों ओर बम बम भोले की गूंज हो रही है। वीरवार को देशभर में संचालित श्री जयराम परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच हवन यज्ञ से नगर के पुराने बस अड्डे के समक्ष हर हर महादेव छठे कावड़ शिविर का शुभारम्भ किया। इस मौके पर हवन यज्ञ में हर हर महादेव सेवा मंडल संस्था के बलबीर डांढ़ा, भीम सिंह, वैभव गर्ग, विवेक भारद्वाज डब्बू, ब्राह्मण तीर्थ जीर्णोद्धार सभा के प्रधान यशेंद्र शर्मा, साहिल, बंटी अरोड़ा, सुरेंद्र सैनी, नीरज एरन, अश्विनी, आर्यन भारद्वाज, प्रवीण रानी, सोनिका भारद्वाज, शगुन वर्मा, गीतांश व मनु सेठी इत्यादि ने आहुतियां दी। कावड़ शिविर के शुभारम्भ के उपरांत परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि हरिद्वार से गंगा जल लाने की कावड़ यात्रा एक महान तपस्या है और कांवड़ियों की सेवा, श्रद्धा, भक्ति और आस्था का प्रतीक है।



### हादसे में टांग गंवाने वाले दुकानदार को सांसद जिंदल ने दी एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**पिहोवा।** दुकान पर काम करते समय हुए हादसे में अपनी टांग गंवाने वाले पीड़ित दुकानदार की मदद के लिए सांसद नवीन जिंदल ने मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। सांसद जिंदल की ओर से पीड़ति दीपक चोपड़ा को 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। सांसद कार्यालय की ओर से पिहोवा हल्का प्रतिनिधि जीत राम ने पीड़ति तक यह राशि पहुंचाई। जीत राम ने बताया कि दीपक चोपड़ा की काली माता मंदिर शिवपुरी रोड के पास कैंची रिपेयर की दुकान है। कुछ समय पहले दुकान पर काम करते समय अचानक मशीन का पत्थर टूटने से हुए हादसे में उनकी एक टांग कट गई थी। जिससे उन्हें इलाज के लिए दुकान बंद करनी पड़ी। ऐसे में आर्थिक संकट से गुजर रहे थे। सांसद नवीन जिंदल तक जैसे ही उनकी व्यथा पहुंची तो उन्होंने तुरंत एक लाख रुपए की राशि का चेक दीपक चोपड़ा के लिए भेजा। इस अवसर पर पार्टी मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, साहिल सैनी महामंत्री, अंकुश सिंगला, सोनू प्रजापति आदि ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने दीपक चोपड़ा की मदद करके मानवता सेवा की मिसाल कायम की है।



कुरुक्षेत्र। बेबी किट वितरण कार्यक्रम के दौरान डॉ. अमित अरोड़ा, मुख्य अतिथि गीता शर्मा, डॉ. मिनिषा, डॉ. दीपिका अरोड़ा व अन्य रोटरी सदस्य।

### रोटरी क्लब ने बांटी बेबी किट

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिहोवा में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवजात शिशुओं और उनकी माताओं को जरूरत की सामग्री से युक्त बेबी किट वितरित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब के नव नियुक्त प्रधान डॉ. अमित अरोड़ा ने किया, डॉ. अमित ने कहा कि रोटरी क्लब सिर्फ आयोजन नहीं करता, बल्कि समाज के साथ खड़ा होकर जमीनी जरूरतों को समझते हुए राहत देने का काम करता है। आने वाले समय में भी रोटरी क्लब ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगा। उन्होंने बताया कि समाज सेवा और मातृ-शिशु स्वास्थ्य की दिशा में यह पहल क्लब की प्राथमिकता है। क्लब की ओर से मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष व जिला कष्ट निवारण समिति हरियाणा सरकार की सदस्य गीता शर्मा का फूल मालाओं और पुष्प गुच्छ भेंटकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष व हरियाणा सरकार की जिला कष्ट निवारण समिति की सदस्य गीता शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब की यह पहल महिलाओं के लिए आत्मसम्मान और सहयोग का प्रतीक है। इस मौके पर गौरव बंसल सचिव, मोहित चावला कोषाद्यक्ष, डॉ. जसबीर सिंह, सुमित शर्मा, अमित मुखीजा, डॉ. नमिता, ज्योति शर्मा, कविता तनेजा, पूनम बवेजा, गोल्डी पुरी, कोपल गुलाटी व अन्य सदस्य भी मौजूद रहें।

**स्वास्थ्य** | गीता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्याल में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**हिन्दू शिक्षा समिति एवं डी आर जैन न्यूरोकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त सौजन्य से कार्यक्रम आयोजित**

# मानसिक व हार्मोनल संतुलन के लिए दवा नहीं, प्रकृति है समाधान : डॉ रूचि जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। कैंप में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

हिन्दू शिक्षा समिति एवं डी आर जैन न्यूरोकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त सौजन्य से गीता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में एक निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रूचि जैन एम.बी.बी.एस., एम.एस. एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा बी.ए.एम.एस. व एक्सपर्टाइज मेडिकल कैंप द्वारा छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. रूचि जैन ने छात्राओं को बताया कि हार्मोनल असंतुलन के कारण मूड स्विंग, स्मरण शक्ति में कमी, सिरदर्द, अपच, गैस, कब्ज, थकान, नींद की कमी या अनिद्रा, तनाव, चिड़चिड़ापन, अत्यधिक पसीना, बालों का झड़ना, असमय सफेदी, प्यास अधिक लगना, ठंड या गर्मी असहनीय लगना जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि हार्मोन को संतुलित रखने के लिए प्राकृतिक उपाय सबसे कारगर हैं, जैसे संतुलित एवं पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेना जिसमें प्रोटीन, आयरन, विटामिन, आवश्यक वसा और कार्बोहाइड्रेट शामिल हों। साथ ही योग, प्राणायाम और नियमित व्यायाम करने से हार्मोनल संतुलन में सुधार आता है। डॉ.रूचि ने बताया कि अत्यधिक तनाव से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जो मोटापा, अनिद्रा, थकान और उच्च रक्तचाप जैसी जटिलताओं को जन्म देता है। उन्होंने पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम पर भी प्रकाश डाला और बताया कि यह समस्या महिलाओं में गर्भधारण में कठिनाई का कारण बन सकती है।

**छात्राओं के खून में हीमोग्लोबिन जांचा**

डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2019 वां शिविर आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं के खून में हीमोग्लोबिन व अन्य जांच की गई। डॉ शर्मा ने छात्राओं को मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जैसे हम शारीरिक रोगों के प्रति सचेत रहते हैं, वैसे ही मानसिक स्वास्थ्य की ओर भी गंभीरता दिखानी चाहिए। अन्यथा डिप्रेशन, साइकोसिस, सिजोफ्रेनिया जैसे मानसिक रोग उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने अपथ्य खानपान से होने वाले रोगों, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के आयुर्वेदिक उपायों तथा मानसिक रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला, बलबीर प्रकाश प्रबंधक व डॉ अंजलि शर्मा ने सभी चिकित्सकों का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्राओं को जो जानकारी प्राप्त हुई, वह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप


अंबाला। पौधों का वितरण करते संस्था के पदाधिकारी।

### साप्ताहिक पौधरोपण अभियान संपन्न

**अंबाला।** सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह साप्ताहिक पौधारोपण अभियान वीरवार को संपन्न हो गया। प्रोजेक्ट इंचार्ज मंदीप शर्मा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ के निर्देशानुसार

- 150 पौधे रोपित किए 50 वितरित

अंबाला शहर में 11 जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान में 150 पौधे रोपित किए गए और 50 वितरित किए गए। इस अभियान में प्रकृति प्रेमियों खासकर युवाओं का काफी सहयोग मिला। अब रोपित किए गए पौधों की लगातार देखभाल की जाएगी जिसके लिए ट्री गार्ड इत्यादि लगाए जाएंगे।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी बलकार सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरीशुदा सामान बरामद किया गया है। सेक्टर 9 के सिद्धार्थ ने 16 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर के बाथरूम वगैरह से नल चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी आशीष कुमार उर्फ शींसा को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता निर्मल सिंह ने 15 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी आशीष कुमार उर्फ शीसा ने उसकी पत्नी के सोने के झुमके चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। पटेल नगर के मंयक ने 19 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की तथा अन्य ने उसके साथी से गाली गलौच व मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक किया

**जींद।** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम द्वारा एसबीएम पब्लिक स्कूल गांव काकडोद व गांव उदयपुर में डोर टू डोर सर्वे कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम व स्कूल प्रिसिंपल संदीप शर्मा व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# बाढ़ रोकथामः बरसाती नदियों के कार्यों का किया मुआयना

## सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए, ग्रामीणों को बोला नदियों के किनारे से रहें दूर

निरीक्षण के तहत कमेटी ने गांव छोटी रसौर, गदौली, शैला तथा अम्बली में मारकंडा नदी के किनारे की गई स्टोन स्टेनिंग अर्थात पत्थर की आड़ लगाने के कार्यों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** एसडीएम तथा कमेटी में शामिल अधिकारी बाढ़ रोकथाम के लिए किए गए कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

डीसी अजय सिंह तोमर की ओर से गठित कमेटी ने वीरवार को एसडीएम शिवजीत भारती के नेतृत्व में बाढ़ रोकथाम के लिए सिंचाई विभाग द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान नायब तहसीलदार संजीव अत्री, सिंचाई विभाग की एसडीओ शिखा बंसल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के तहत कमेटी ने गांव छोटी रसौर, गदौली, शैला तथा अम्बली में मारकंडा नदी के किनारे की गई स्टोन स्टेनिंग अर्थात पत्थर की आड़ लगाने के कार्यों का जायजा लिया। इन कार्यों का उद्देश्य बाढ़ के दौरान नदी के तेज बहाव से किसानों की कृषि योग्य भूमि को बचाना है। गौरतलब है कि इन गांवों के किसानों ने नदी कटाव की समस्या को लेकर प्रशासन से सुरक्षा उपाय करने की मांग की थी। इसके परिणामस्वरूप यह कार्य करवाए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवजीत भारती ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वर्षा ऋतु के दौरान नदी जलस्तर पर नियमित निगरानी रखें। ग्रामीणों को समय-समय पर जागरूक करें कि वे नदियों के भीतर या आस-पास न जाएं। उन्होंने कहा कि मानसून के समय नदियों में अचानक बहाव बढ़ जाता है, जिससे जानमाल का खतरा उत्पन्न हो सकता है।एसडीएम ने पुलिस विभाग और संबंधित बीडीपीओ को भी निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सतर्क करें कि वे वर्षा के मौसम में नदियों के कच्चे रास्तों का प्रयोग न करें। बच्चों को भी नदियों के पास जाने से रोंके। विशेषकर स्नान अथवा खेलकूद के दौरान। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा प्राथमिकता है और प्रशासन इस दिशा में हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ में फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 01734-284002 पर संपर्क कर सकते हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन निरंतर कार्य करेगा ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में आमजन को तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। कोई भी व्यक्ति यदि जलभराव, बाढ़ या अन्य आपात स्थिति का सामना करता है तो वह इस नंबर पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। कंट्रोल रूम में कॉल रिसीव कर तुरंत संबंधित विभागों को सूचित किया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कोई भी अपराधी बख्शा नहीं जाएगाः बड़ौली

- पवित्र अमरनाथ और वैष्णो देवी धाम यात्रा पूर्ण होने पर अंबाला पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का अभिनंदन करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

पावन अमरनाथ और वैष्णो देवी धाम यात्रा पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, पूर्व मंत्री असीम गोयल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री का भव्य स्वागत किया। यहां बड़ौली ने कई मुद्दों पर मीडिया के सवालों के जवाब दिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सही दिशा में काम कर रही है। नायब सरकार में कानून व्यवस्था बहुत बढ़िया और मजबूत है। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला को मिली धमकी पर उन्होंने कहा कि बाहर बैठे लोग जो धमकियां दे रहे हैं उन पर सरकार कड़ा शिकंजा कसेगी, किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। एसवाईएल मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसे जानबूझ कर राजनीतिक मुद्दा बनाया जा रहा है। एसवाईएल में पानी पूरा है लेकिन पंजाब की मान सरकार कम पानी का दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि एसवाईएल का समाधान शीघ्र ही होगा। बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में हमारी जिलों तक इकाईयां बन चुकी हैं। अन्य कार्य भी शीघ्र पूरे कर लिए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ''मन की बात'' को सुनने में हरियाणा पूरे देश में नंबर-1 है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 20 हजार 629 बूथ हैं। इस बार 242 बूथ छूट गए थे जिन पर मन की बात कार्यक्रम को नहीं सुना गया।

# कांग्रेसी नेता सुरजेवाला के बयान पर पूर्व मंत्री ने किया पलटवार, कहा अपना समय भूल गए

**अंबाला।** कांग्रेसी नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा लगाए गए आरोपों पर भाजपा के पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि सुरजेवाला अपना समय भूल गए हैं। उन्हें अपने समय के विधायकों और मंत्रियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करनी चाहिए। गोयल ने कहा कि अपराधियों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। सुरजेवाला की तकलीफ कुछ और है। कांग्रेस के राज में किस प्रकार से अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। इनके समय में मंत्री, विधायक रहे नेताओं का आपराधिक रिकॉर्ड सुरजेवाला को सबसे पहले जान लेना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में कानून अपराध और अपराधियों पर पूरी नकेल कस रहा है। गौरतलब है कि रणदीप सुरजेवाला ने अपने एक बयान में कहा था कि प्रदेश में बंदूकें शासन कर रही हैं। इसी बीचपूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि समस्याएं व शिकायतें लेकर आए अधिकतर लोगों की समस्याओं को मौके पर ही हल किया गया है व शेष के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं। दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के मामले पर सवाल खड़े कर रहे दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के आरोपों पर भी पूर्व मंत्री असीम गोयल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक्सिडेंटल पॉलिटिशियन हैं। राजनेता उसूलों से बना जाता है लेकिन केजरीवाल के न तो कोई उसूल हैं और न ही इनका कोई स्टैंड। कभी कांग्रेस को पानी पी पी कर कोसने वाले केजरीवाल ने कांग्रेस से हाथ मिलाने में एक पल भी नहीं लगाया था। असीम गोयल ने यह भी कहा कि अब पंजाब भी केजरीवाल के हाथ से खिसकता जा रहा है।



# झाडू माजरा में किया पौधरोपण लिंग जांच के खिलाफ ली शपथ

**मुलाना।** गावं- झाडूमाजरा में बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम के तहत आंगनवाडी केंद्र में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ईशा रानी ब्लॉक साहा व सर्कल सुपरवाइजर मीनू चौहान व गांव की महिला सरपंच सुषमा व आंगनवाडी कार्यकर्ता बबली व ममता के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य बढते लिंगानुपात को कम करना है। महिलाओं को सब शपथ दिलाई गई व गांव में रैली निकाली गई। एक पेड मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। महिलाओं में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बेटियों के प्रति सम्मान पैदा करने के लिए जागरूक किया।

# मॉकड्रिल में पानी में डूबे व्यक्ति को उपचार देने के सिखाए गुर

- बाढ़ व आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से सेक्टर 10 के वॉटर टैंक में करवाई मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मॉकड्रिल के दौरान पानी में पानी में डूबे व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने का क्रिया करते जवान।

बाढ़ या फिर किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए लोग सावधानी बरतकर अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। इसको लेकर वीरवार को जिला प्रशासन के सौजन्य से सेक्टर-10 स्टेडियम के नजदीक वॉटर टैंक में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर एनडीआरएफ के 14 व गृह रक्षी विभाग के 16 जवानों के साथ-साथ स्वास्थ्य , रेडक्रॉस , फॉयर व राजस्व विभाग की टीमें भी मौके पर मौजूद रही। डीआरओ राजेश खयालिया ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में यहां पर एनडीआरएफ द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया हैं। मॉकड्रिल से पहले उपायुक्त कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की एक बैठक भी आयोजित की गई थी। जिसमें आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई तक एनडीआरएफ की टीमों द्वारा एरिया फैमिली राईजेशन के तहत बाढ़ की स्थिति व आपातकालीन स्थिति में आमजन कैसे अपने आपको सुरक्षित रख सकता है, आम आदमी घर में उपलब्ध चीजों एवं वस्तुओं का प्रयोग करके अपने आपको बचा सकता है, उस तमाम प्रक्रिया बारे यहां पर जानकारी दी गई हैं। मॉकड्रिल के दौरान जब कोई व्यक्ति पानी में डूब जाता है तो उसे कैसे बाहर निकाला जा सकता है। अस्पताल ले जाने से पहले कौन सी सावधानी बरती जानी है। उस प्रक्रिया के बारे में भी मॉकड्रिल करते हुए जानकारी दी गई हैं।

### आपातकालीन स्थिति में खुद को व दूसरों को कैसे सुरक्षित रखें

इस मौके पर एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंटेंड पंकज शर्मा ने बताया कि मॉकड्रिल को आयोजित करने का मुख्य मकसद यही है कि आमजन को जानकारी मिल सकेगी। उसे आपातकालीन स्थिति में कैसे अपने आपको एवं दूसरों को सुरक्षित करना हैं। उन्होनें यह भी कहा कि आपातकालीन स्थिति में जिला प्रशासन का आमजन को सहयोग करना चाहिए। जो भी एडवाइजरी समय-समय पर जारी होती है उसकी अनुपालना करनी चाहिए। ऐसी सावधानियां एव नियमों की पालना करके हम अपने आपको सुरक्षित कर सकते है। मॉकड्रिल के दौरान एनडीआरएफ की टीमों ने पानी में डूबे व्यक्ति को बोट के माध्यम से बाहर निकालने की प्रक्रिया के साथ-साथ उसे प्राथमिक उपचार (सीपीआर) देने की प्रक्रिया बारे जानकारी भी दी। इस मौके पर एनडीआरएफ टीमों द्वारा जो भी राहत बचाव कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर तहसीलदार अदित्य रंगा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीआईओ परमजीत कौर, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग हरमिलाप, डॉ. सुनील हरी, डॉ विकास शर्मा, रेडक्रॉस से मनोज सैनी भी मौजूद रहे।

# भावना सच्ची है तो फैसले भी सच्चे होंगे

- जैन स्थानक में विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक ने धर्मसभा में मौजूद श्रद्धालुओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


**मुलाना।** प्रवचन करती जैन साध्वियां।

जैन स्थानक में पावन चातुर्मास हेतु विराजमान साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन किया गया । इसमें साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने प्रवचन करते हुए कहा कि हमारे फैसले, भावनाओं के रास्तों से होते हुए ही गुजरते हैं। हमको लगता ऐसा है की हम निर्णय तर्क के आधार पर लेते हैं पर ऐसा है नहीं हम निर्णय भावना के हिसाब से लेते हैं। हमारी भावना ही ये निश्चित करती है की क्या सही है क्या गलत है? उन्होनें बताया कि हमारी भावना अगर सच्ची है तो फैसले भी सच्चे होंगे। मानव जीवन में उच्च भावना का होना अत्यंत जरूरी है। उच्च भावना से न केवल जीवन उंचाईयों पर पंहुचता है बल्कि अन्य कई गुण विकसित होते है। साध्वी सात्विक ने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया । इस दौरान जैन सभा प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि समता, संयम और साधना की मूर्तिमान प्रतीक रही समता विभूति संथारा साधिका महासाध्वी सुचेता की प्रथम पुण्यस्मृति दिवस के पावन उपलक्ष्य में 20 जुलाई को जैन स्थानक में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्री एसएस जैन सभा के तत्वावधान में आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से होगी जिसमें समाज के गणमान्य सदस्य भाग लेंगे। इसके उपरांत महिला मंडल और बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी जो सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक होंगी। साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक अपने मधुर व्याख्यान के माध्यम से श्रद्धालुओं को साध्वी सुचेता के आध्यात्मिक जीवन, समर्पण और समता की प्रेरणादायक गाथा से अवगत कराएंगी।

### व्यक्ति को कार चालक ने मारी टक्कर, मौत

**अंबाला।** मंगलई गांव के मोड़ के पास कार ने सड़क पर पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। पुलिस ने जवारगढ़ के अनिल कुमार की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अनिल ने बताया कि वो छोटा खुड्डा में नौकरी करता है। सुबह लगभग चार बजे वो ड्यूटी खत्म करके बाइक पर घर जा रहा था। मंगलई गांव के मोड़ के पास उसने देखा कि सड़क के एक तरफ पैदल ही साहा की तरफ जा रहे एक व्यक्ति को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वह व्यक्ति सड़क पर गिर गया और कार चालक मौके से भाग गया। हादसे में जख्मी व्यक्ति की बाद में मौत हो गई। अब पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

# दस छात्रों की शिक्षा का खर्च उठाएगा रोटरी क्लब

- रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी के इंस्टॉलेशन समारोह में इस सेवा का किया गया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


**बराड़ा।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रसाद व अन्य।

रोटरी क्लब की नई कार्यकारिणी के इंस्टॉलेशन समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन रवि प्रसाद रहे। समारोह की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से की गई, जिसे मुख्यातिथि रवि प्रसाद ने अन्य विशिष्ट अतिथियों के साथ मिलकर संपन्न किया। इसके बाद रोटेरियन सरदार हरपाल सिंह को वर्ष 2025-26 के लिए क्लब का प्रजिडेंट व बलकार सिंह को वाइस प्रेजिडेंट घोषित किया गया। रोटेरियन राजेश धीमान को सचिव तथा पूर्ण छाबड़ा को कोषाध्यक्ष चुना गया। सर्वप्रथम क्लब के पूर्व अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह ने पिछले वर्ष के दौरान क्लब द्वारा किए गए विभिन्न समाजसेवी कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जबकि मंच संचालन रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रघुवीर सिंह ने किया। इसके पश्चात हरपाल सिंह को कॉलर पहनाकर इस वर्ष का प्रधान नियुक्त किया गया। अपने संबोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रसाद ने कहा कि रोटरी क्लब एक संस्था नहीं बल्कि सेवा का एक अंतरराष्ट्रीय आंदोलन है। जो विश्व भर के लगभग 200 देशों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है।

### वाहन चालक की लापरवाही से हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शहजादपुर।** पतरेहडी रोड पर वाहन चालक ने एक बाइक सवार को ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बनौदी गांव के अभिषेक घायल हो गया। उसे सीएचएसी शहजादपुर ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई भेज दिया। यहां से परिजन उसे एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अभिषेक के पिता जसमेर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। जसमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो पतरेहड़ी गांव स्थित एक कंपनी में काम करता है। उसका लड़का अभिषेक भी इसी कंपनी में काम करता था। वह दोपहर को भोजन अवकाश के दौरान फल लेने गया था। इस दौरान वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## नए शिक्षा सत्र में बीसीए कोर्स भी किया जाएगा शुरू

# आर्य कॉलेज में अब युवतियों के साथ युवकों को भी मिलेगा दाखिला

- प्राचार्या बोली महाविद्यालय का उद्देश्य डिग्री बांटना नहीं बल्कि छात्रों को अच्छा इंसान बनाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते कॉलेज प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी व प्राचार्या।

आर्य कॉलेज में अब छात्राओं के साथ छात्रों को भी दाखिला मिलेगा। लंबे समय से आर्य कॉलेज में केवल लड़कियों को ही शिक्षा दी जा रही थी। वीरवार को आर्य कॉलेज के प्रांगण में महाविद्यालय प्रधान इंद्रदेव गुप्ता, उपप्रधान नवीन शर्मा, सचिव डॉ. विवेकशील मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंघल एवं महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य की अगुवाई में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने बताया कि 65 वर्ष के बाद समय की मांग को देखते हुए आर्य कॉलेज को को-एजुकेशन किया गया है। नए शिक्षा सत्र 2025-2026 में अब सिर्फ बेटियां ही नहीं बेटे भी कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करेंगे। इसी के साथ-साथ बीसीए भी इसी सेशन से शुरू की गई है। उन्होंने ताया कि महाविद्यालय की आधारभूत संरचना बहुत सुंदर है। महाविद्यालय महर्षि दयानंद सरस्वती के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए मनुर्भव के सिद्धांत की शिक्षा देता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य डिग्री बांटना नहीं बल्कि मनुष्य बनाना है। लड़के हमारे कॉलेज के कैंपस से बेहद प्रभावित हैं। वे अपने मित्रों को भी वो लेकर आ रहे हैं। अल्पसंख्यकों के लिए फीस में छूट का भी प्रावधान है। इसका फीस स्ट्रक्चर और कॉलेजों की तुलना में बहुत कम है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षण स्तर, सुविधाएं और अनुशासन पहले जैसे ही रहेंगे। हमारी पर्याप्त तैयारी है जिससे लड़के और लड़कियां दोनों एक साथ सम्मानजनक और प्रेरणादायक माहौल में शिक्षा प्राप्त कर सकें। प्रबंधन कमेटी के प्रधान इंद्रदेव गुप्ता ने कहा कि इससमय में स्त्री पुरूष कंधे से कंधा मिला कर चल रहे हैं। अब इसमें भी यही बदलाव दिखने को मिलेगा जो बेहद सकारात्मक है। यह बदलाव युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। कॉलेज प्रशासन ने छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग सुविधाओं की व्यवस्था की है जैसे सख्त अनुशासन नीति और एंटी रैगिंग सैल, संवेदनशीलता और सह अस्तित्व पर विशेष कार्यशालाएं तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जिसमें सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा गार्ड व महिला हेल्प डेस्क जो कि विद्यार्थियों के लिए विशेष सुविधा का नेतृत्व करेगा। उपप्रधान नवीन शर्मा ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में आए परिवर्तन के फलस्वरूप वर्षों से छात्राओं की शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा आर्य गर्ल्ज कॉलेज अब एक सहशिक्षा संस्थान बन गया है। कॉलेज का नाम आधिकारिक रूप से आर्य कॉलेज सह शिक्षण कर दिया गया है।